दिनांक-29.10.2024

समय-7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री आज प्रदेश को तीन चिकित्सा महाविद्यालय का उद्घाटन और पांच नर्सिंग कॉलेजों की रखेंगे आधारशिला।
- प्रदेश में आज रन फॉर यूनिटी और एकता दिवस की शपथ के कार्यक्रमों का आयोजन।
- स्थानीय विक्रेताओं से खरीदी को प्रोत्साहन के लिए मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश।
- धनतेरस के साथ आज से प्रकाश और समृद्धि के प्रेरक पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरूआत।

प्रधानमंत्री-धनवंतरी जयंती-आयुर्वेद दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज धन्वंतरि जयंती और नवें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में स्वास्थ्य संबंधी लगभग 12 हजार 8 सौ 50 करोड रुपये लागत वाली परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में 70 वर्ष और इससे अधिक आयु के नागरिकों को भी शामिल करने की योजना का शुभारंभ करेंगे। इससे सभी आय वर्गों के वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ होंगी। स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रधानमंत्री कई स्वास्थ्य संस्थानों का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वे देश के प्रथम अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान के दूसरे चरण का उद्घाटन भी करेंगे। इस चरण में एक पंचकर्म अस्पताल, दवा निर्माण के लिए एक आयुर्वेदिक फार्मेसी, एक खेल चिकित्सा इकाई, एक केंद्रीय पुस्तकालय, एक आईटी और स्टार्ट-अप इनक्यूबेशन सेंटर और 500 सीटों वाला एक अस्पताल शामिल हैं।

श्री मोदी प्रदेश के मंदसौर, नीमच और सिवनी में तीन चिकित्सा महाविद्यालयों का उद्घाटन करेंगे। साथ ही शिवपुरी, रतलाम, खंडवा, राजगढ और मंदसौर में पांच नर्सिंग कॉलेजों की आधारशिला भी रखेंगे। इंदौर में कर्मचारी राज्य बीमा निगम-ईएसआईसी अस्पताल का भी उद्घाटन करेंगे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स में 65 करोड़ रुपये की लागत से बने 6 मंजिला कौटिल्य भवन का लोकार्पण करेंगे. 12 हजार वर्ग किमी में फैले कौटिल्य भवन के जरिये एम्स भोपाल में चिकित्सा शिक्षा,अनुसन्धान और क्लिनिकल सेओं का विस्तार होगा।

श्री मोदी एम्स की ड्रोन सेवा सुविधा का शुभारम्भ भी करेंगे. इस सेवा के जरिये आसपास के शहरों में चिकित्सा सेवा उपलब्ध करायी जाएगी. ड्रोन के जरिये सबसे पहले रायसेन जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गौहरगंज को जोड़ा जायेगा। इससे करीब 30 किमी की हवाई दूरी केवल 20 मिनट में तय हो जाएगी जबकि सड़क मार्ग से लगभग 2 घंटे का समय लगता है।

प्रधानमंत्री नीमच, मंदसौर और सिवनी में चिकित्सा महाविद्यालयों का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम मंदसौर में होगा, जिसमें श्री मोदी प्रदेश के 81 लाख से अधिक किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत 1 हजार 624 करोड़ की सहायता राशि वर्चुअल रूप से वितरित करेंगे।

कार्यक्रम में 512 आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति-पत्र का वितरण भी किया जायेगा।

प्रधानमंत्री यू-विन पोर्टल की भी शुरुआत करेंगे। इससे टीकाकरण प्रक्रिया डिजिटल बनेगी, जिससे गर्भवती महिलाओं और शिशुओं को लाभ होगा। प्रधानमंत्री संबद्ध और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों तथा संस्थानों के लिए भी एक पोर्टल शुरु करेंगे। यह मौजूदा स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों और संस्थानों के लिए केंद्रीकृत डेटाबेस होगा।

रन फॉर यूनिटी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज टी.टी. नगर स्टेडियम भोपाल में राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाएंगे। साथ ही “रन फॉर यूनिटी“ को हरी झंडी दिखाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने “मन की बात“ कार्यक्रम में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती “राष्ट्रीय एकता दिवस पर होने वाली रन

फॉर यूनिटी“ इस बार 29 अक्टूबर को आयोजित करने की घोषणा की है। 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की जयंती के दिन ही दीपावली का पर्व भी है। इस वजह से 29 अक्टूबर को रन ऑफ यूनिटी का आयोजन किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में शामिल होने और देश की एकता के मंत्र के साथ ही फिटनेस के मंत्र को भी हर तरफ फैलाने की अपील की है। रीवा में आज राष्ट्रीय एकता दिवस दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। स्पोर्ट्स काम्पलेक्स से शुरू होकर सिरमौर चौराहा पर यह दौड़ समाप्त होगी। समापन पर सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। ग्वालियर जिले में भी “रन फॉर यूनिटी“ का आयोजन होगा। साथ ही देश की एकता व अखण्डता के लिए शपथ दिलाई जाएगी। कंपू स्थित जिला खेल परिसर से शुरू होगी। राजगढ़ में संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी शर्मिला डाबर ने बताया कि जिला मुख्यालय पर दौड़ का आयोजन प्रातः 8 बजे उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान से किया जाएगा।

उप निर्वाचन

प्रदेश की बुधनी और विजयपुर विधानसभा सीट पर उप चुनाव को लेकर कल सभी नाम निर्देशन-पत्रों की जांच की गई। इसमें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुखवीर सिंह ने बताया कि संवीक्षा में विजयपुर में 12 तथा बुधनी में 23 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन-पत्र विधिमान्य पाए गये। श्री सिंह ने बताया कि जांच में -विजयपुर में 3 अभ्यर्थियों तथा बुधनी में 2 अभ्यर्थियों के नाम-निर्देशन पत्र विधिमान्य नहीं पाये गये। अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर है। मतदान 13 नवम्बर को होगा। मतगणना 23 नवम्बर को होगी।

वोकल फॉर लोकल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने के लिये दीपावली पर्व पर स्थानीय विक्रेताओं से सामग्री की खरीदी को प्रोत्साहित किया जाये। धनतेरस से एकादशी तक सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे व्यापारियों एवं हाथ ठेला वालों से बाजार शुल्क न लिया जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल मंत्रालय में समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम के पहले प्रदेशवासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने दीपावली और मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी। इस प्रदेश में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा दिए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। आगरमालवा में

दीपावली पर्व पर माटीकला उत्पादों को बढ़ावा दिये जाने हेतु जिले में स्थानीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लगने वाले हाट बाजारों में उचित स्थान उपलब्ध करवाते हुए विक्रय व्यवस्था करने तथा इन शिल्पियों से किसी भी प्रकार के कर की वसूली नही करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ ने जारी किए।। सतना में मिट्‌टी के दिये को कलेक्टर अनुराग वर्मा ने करमुक्त करते हुए इनके उपयोग को लेकर लोगो को प्रोत्साहित करने के दिए निर्देश जारी किए हैं।

रायसेन कलेक्टर अरविंद दुबे ने भी आम लोगों से स्थानीय दुकानदारों की दीवाली बेहतर बनाने का आग्रह किया है।

धनतेरस

आज धनतेरस के साथ जीवन में प्रकाश और समृध्दि के प्रेरक पांच दिवसीय दीपोत्सव की आज से शुरुआत हो रही है। आज पहले दिन धनतेरस का पर्व आयुर्वेद के जन्मदाता भगवान धन्वतरी, धन के देवता कुबेर और मां लक्ष्मी की आराधना के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेश के आयुर्वेद चिकित्सालयों में कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इंदौर के शासकीय अष्टांग आयुर्वेद महाविद्यालय में आयुर्वेद दिवस का आयोजन किया जायेगा।

सोयाबीन उपार्जन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 25 अक्टूबर से सोयाबीन का समर्थन मूल्य पर उपार्जन शुरू हो चुका है। धान का उपार्जन 2 दिसम्बर से प्रारंभ होगा। उपार्जन के दौरान किसानों की सुविधाओं के लिये सभी आवश्यक उपाय किये जायें। सभी जिला कलेक्टर अपने जिले में खाद वितरण व्यवस्था की निगरानी करें। उन्होंने कहा कि डीएपी की तुलना में एनपीके में पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं। अतः डीएपी के स्थान पर एनपीके को बढ़ावा देने के लिए किसानों के मध्य जागरूकता अभियान चलाया जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। प्रदेश में प्रतिदिन 5 रैक यूरिया, 2 रैक डीएपी एवं 2 रैक एनपीके की आ रही है।

इंदौर महापौर

31 अक्टूबर को दुबई में होने वाले ब्रिक्स प्लस सिटी फोरम सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव करेंगे। उन्हें इस सम्मेलन का सह अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिक्स प्लस सम्मेलन में देश का नेतृत्व किया है। उनके मार्गदर्शन मे महापौर श्री भार्गव फोरम में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए देश में शहरों के विकास पर चर्चा करेंगे। फोरम में शामिल होकर देश की शहर विकास योजना को अन्य देशों के प्रतिनिधियों के साथ साझा करेंगे। सम्मेलन में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने, विकास को बढ़ावा देने और सदस्य देशों के बीच आपसी सहयोग को प्रोत्साहित करने जैसे विषयों पर चिंतन होगा। सम्मेलन में भारत की ओर से शामिल वाले वे एकमात्र प्रतिनिधि होंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- भारतीय महिला क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के साथ श्रृंखला का तीसरा और अंतिम एकदिवसीय मैच आज अहमदाबाद में खेलेगी। यह मैच दोपहर डेढ बजे से शुरू होगा। तीन मैचों की श्रृंखला में दोनों टीमें फिलहाल 1-1 की बराबरी पर हैं।
- महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 18 सदस्यों वाली हॉकी टीम की घोषणा कर दी गई है। यह टूर्नामेंट 11 से 20 नवंबर तक बिहार में राजगीर में खेला जाएगा। भारत का पहला मुकाबला मलेशिया से होगा।
- शिवपुरी कलेक्टर के निर्देशानुसार अवैध उत्खनन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। तहसील शिवपुरी में टीम द्वारा अवैध रूप से संचालित खनिज भंडार का भ्रमण किया गया। जांच में 06 अवैध भण्डारणों के विरूद्ध कार्यवाही की गई।
- खण्डवा कलेक्टर अनूप कुमार सिंह ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में राजस्व, श्रम, कृषि, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभागों की 100 दिवस के कार्यों की जानकारी लेते हुए निर्देश दिये की आपके द्वारा किन-किन हितग्राहियों की समस्याओं का निराकरण किया गया।